Request to expedite the process of providing benefits to farmers under the Crop Insurance Scheme in Jalgaon Parliamentary Constituency

श्रीमती स्मिता उदय वाघ **(**जलगांव**) :** सभापति महोदय, किसानों की उत्पाद को दोगुनी करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास करती आ रही है । मेरे क्षेत्र के कई किसानों को अभी भी वर्ष 2022-23 सीजन की फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है । यह गंभीर मुद्दा है, जो किसानों को आर्थिक रूप से प्रभावित कर रहा है । तत्कालीन कृषि मंत्री जी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने इस मुद्दे को हल करने के लिए एक शिकायत निवारक समिति का गठन किया था । समिति ने लगभग 12 हजार किसानों से दावा-पत्र दाखिल कराया था, उसके बाद समिति ने इसमें जांच-पड़ताल कर लगभग 6,690 किसानों के दावे का सत्यापन किया, लेकिन उन्हें अभी तक लाभ नहीं मिला है । मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर इस प्रक्रिया में तेजी लाएं ।?(व्यवधान)